हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 5 मई 2025



तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

4
कोसला में रैली निकालकर चलाया नशामुक्ति अभियान




## खबर संक्षेप

### मिसदा और नगर पालिका जांजगीर-नैला में आज लगेगा समाधान शिविर

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में आम जनता को उनकी समस्या, शिकायत और मांग के निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के लिए 5 मई से 31 मई तक जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर अंतर्गत 5 मई को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत मिसदा के मिनी स्टेडियम में और नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के सांस्कृतिक भवन सी-मार्ट के पीछे, ठा. छेदीलाल बैरिस्टर भवन केरा रोड में शिविर आयोजित किया जाएगा।

### 9 संवर्ग के 10 संविदा भर्ती के लिए कौशल परीक्षा आज

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कुल 48 संवर्गों के जिला स्तर के रिक्त 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिसमें 9 संवर्ग के 10 संविदा पदों हेतु कौशल परीक्षा व साक्षात्कार का आयोजन शासकीय नर्सिंग कालेज एवं जिला चिकित्सालय में किया गया था। दावा आपत्ति लिखित में 5 मई तक कार्यालयीन दिवस में समय सायं 5 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते है।

### सुशासन तिहार :कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्तियो तक पहुँचाने शुरू की गई सुशासन तिहार के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मालखरौदा जनपद पंचायत के बन्दोरा में और डभरा जनपद पंचायत के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिरौनी में 5 मई को समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। जारी आदेश के तहत बन्दोरा में मालखरौदा जनपद पंचायत के ग्राम करिगाव, बन्दोरा, बुन्देली, ढिमानी, कर्रापाली, चरौदी, लिमगांव, चरौदा, सकर्रा, आमनदुला, पोता, मोहतरा, मुक्ता, बडेपाडरमुडा, और शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिरौनी में डभरा जनपद पंचायत के ग्राम गोपालपुर, चंदली, कलमा, कांशीडीह, डोमनपुर, नवापारा म, पलसदा, बोरसी, बिलाईगढ़ सि, बरहागुडा, मड़वा, सिरौली, हरदी, बालपुर, मिरौनी ग्राम पंचायत क्लस्टर में शामिल है। शिविर के सफल संचालन हेतु मालखरौदा जनपद पंचायत अंतर्गत बंदोरा शिविर स्थल के लिए जिला खाद्य अधिकारी को एवं डभरा जनपद पंचायत अंतर्गत मिरौनी शिविर स्थल के लिए जिला आबकारी अधिकारी,आबकारी विभाग जिला सक्ती को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### माता सीता नवमी सीता जन्मोत्सव आज

**जांजगीर-चांपा।** वैशाख मास के शुक्लपक्ष के नवमी तिथि 5 मई सोमवार सीतानवमी को देवीसीता के जन्म की वर्षगांठ के रुप में मनाया जाता है। पंकिरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की इसदिन को मां सीता जन्मोत्सव के नाम से जाना जाता है। विवाहित स्त्रियां सीता नवमी के दिन व्रत रखती है तथा अपने पतियों के दीर्धायु की कामना करती है। सीता जन्मोत्सव वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। हिन्दु धर्म ग्रन्थों के अनुसार देवी सीता का जन्म मंगलवार के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। देवी सीता का विवाह भगवान रामजी से हुआ था , जिनका जन्म भी चैत्र माह के शुक्लपक्ष की नवमी तिथि को हुआ था।

## सिविल सर्जन सहित 4 डाक्टरों के एक साथ स्थानांतरण से बिगड़े हालात

# जिला अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई, मरीज हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में इन दिनों स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। सिविल सर्जन समेत 4 डॉक्टरों के एक साथ स्थानांतरण से यहां हालात बिगड़ते नजर आ रहे है। ऐसे में उपचार कराने पहुंच रहे लोगों की परेशानी बढती जा रही है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में इन दिनो रोजाना 400 से भी अधिक लोग उपचार कराने पहुंच रहे है। दूसरी ओर जिला अस्पताल में सिविल सर्जन एवं चिकित्सको के विवाद के कारण अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह से बिगड गई है। जिसके कारण मरीज एवं उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। सबसे बडा सरकारी अस्पताल होने के कारण बैरिस्टर ठा. छेदीलाल जिला चिकित्सालय में लोग बडी संख्या में उपचार कराने के लिए आते है। जिले के नवागढ, पामगढ, अकलतरा, बम्हनीडीह, बलौदा के अलावा पडोसी जिला सक्ती से भी लोग इलाज कराने के लिए यहां पहुंचते है। ऐसे मे चिकित्सको की लडाई का खामियाजा मरीज एवं उनके परिजनो को भुगतना पड रहा है। सिविल सर्जन के साथ हुए विवाद के चलते डाक्टर बिष्णु पैगवार, दीपक साहू, एवं इकबाल हुसैन का स्थानांतरण अन्य जिलो में कर दिया गया है। तीनो ही डाक्टर अलग अलग क्षेत्रो के विशेषज्ञ चिकित्सक है। ऐसे में डाक्टरो के ट्रांसफर होने के बाद इसका असर स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड रहा है। जिसके चलते मरीज एवं उनके परिजनो को काफी परेशानियो का सामना भी करना पड जा रहा है। इसके अलावा जिला अस्पताल में पदस्थ कई चिकित्सक ओपीडी के समय मे अस्पताल नही पहुंच पाते जिसके चलते मरीज एवं उनके परिजनो को काफी परेशानियो का सामना भी करना पडता है। मरीजों को ओपीडी में डाक्टरो के आने के लिए घंटो इंतजार भी करना पडता है। जिला अस्पताल से जुड़े जानकारो का कहना है कि डीएमएफ मद के तहत जिन चिकित्सको को रखा गया था, उनकी सेवा समाप्त होने के बाद उन्हें आगे कार्य के लिए सेवा में नही रखा गया है। जिसके कारण भी जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसे लेकर जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग का अमला गंभीर नजर तक नही आ रहा है। जिसका खामियाजा मरीज एंव उनके परिजनो को भुगतना पड रहा है।


ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़।

### आनलाइन पंजीयन फिर भी लगानी पड़ती है कतार

वैसे तो मरीज एवं उनके परिजन उपचार कराने को लेकर किसी तरह से परेशान ना हो। इस बात को ध्यान में रखकर जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में ओपीडी आनलाइन पंजीयन की सुविधा प्रारंभ की गई है। खास बात यह है कि ओपीडी पंजीयन सेवा प्रारंभ हुए करीब 3 साल से भी अधिक समय हो चुका है। इन सबके बावजूद आज भी मरीज एवं उनके परिजनो को उपचार कराने के पहले ओपीडी आनलाइन पंजीयन कराने के लिए घंटो कतार में खडे होकर अपनी बारी आने का इंतजार भी करना पडता है। ऐसे में मरीज एवं उनके परिजनो की परेशानी और भी बढ गई है।

### बनाई गई व्यवस्था

उपचार कराने को लेकर मरीज एवं उनके परिजनो को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो, इस बात का ध्यान रखा जा रहा है। जो चिकित्सक सेवा दे रहे है, उन्हें मरीजों का बेहतर इलाज करने कहा गया है।
**-स्वाती वंदना सिसोदिया,**
सीएमएचओ, जांजगीर चाम्पा

# 40 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज का किया जाना है भंडारण, आधे का पता तक नहीं

## कृषि उत्पादन आयुक्त भी दे चुकी है हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अविभाजित जांजगीर चाम्पा जिले के समितियो में खरीफ फसल के लिए करीब 40 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज का भंडारण किया जाना है। जिसमें से भंडारण का कार्य आधा ही हो पाया है। जिसके चलते आने वाले दिनो में किसानो को बीज के लिए मशक्कत करनी पड सकती है।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जांजगीर चाम्पा जिले में खरीफ फसल लगाने की तैयारी जून महीने से शुरू हो जाती है। इसे लेकर जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले के 196 समितियो में करीब 40 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज का भंडारण किया जाना है। वही भंडारण करने का काम अप्रैल महीने से शुरू कर दिया गया है। एक माह बीत जाने के बाद भी आज पर्यन्त 20 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज का भंडारण समितियो में किया गया है। वही 20 हजार क्विंटल बीज का भंडारण किया जाना बाकि है। जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि समितियो में बीज भंडारण करने को लेकर बीज विकास निगम का अमला कितना गंभीर है। समितियो में बीज भंडारण को लेकर करीब पखवाडे भर पहले राज्य शासन के कृषि उत्पादन आयुक्त ने संभाग के कृषि अफसरो, कलेक्टरो एवं जिला पंचायत के सीईओ की बैठक लेकर समितियो में बीज भंडारण को लेकर अधिकारियो को आदेशित किया गया था। इसके बाद भी अब तक समितियो में बीज भंडारण कार्य पूरा नही किया जा सका है। जांजगीर जिले में 101 समिति एवं सक्ती जिले में 95 सेवा सहकारी समितियो का संचालन किया जा रहा है। जहां बीज भंडारण की समुचित ब्यवस्था किया जाना है, लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है। इधर जून महीने के दौरान खेती किसानी का दौर शुरू हो जाता है। वही किसान खेती बाडी एवं धान की फसल लगाने के पूर्व बीज पाने को लेकर कडी मशक्कत करते नजर आते है। जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले के पामगढ, बलौदा, अकलतरा, बम्हनीडीह, नवागढ, जैजैपुर, मालखरौदा, डभरा एवं सक्ती जिले में बडे पैमाने पर किसान खेती बाडी का काम करते नजर आते है। खेती किसानी के समय में समितियों से बीज नहीं मिलने के कारण किसानों को निजी विक्रेताओं से बीज की खरीदी करनी पड़ती है। मौके का फायदा उठाते हुए निजी विक्रेता मनमाने दाम पर बीज की बिक्री करते है।


बीज का भंडारण करते मजदूर।

### कर रहे भंडारण

अविभाजित जिले में करीब 40 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज का भंडारण 196 समितियो में किया जाना है। अभी 50 फीसदी कार्य पूरा हो पाया है। जल्द ही भंडारण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।
**-पोखराज पटेल,**
प्रबंधक
बीज विकास निगम

# सेजेस के प्रभारी प्राचार्य को हटाने शिक्षक लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ स्कूल के शिक्षक लामबंद हो गए है। शिक्षकों ने कलेक्टर और डीईओ को शिकायत का पत्र सौंपकर प्रभारी प्राचार्य को हटाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि आत्मानंद स्कूल के शिक्षकों ने प्रभारी प्राचार्य को हटाने मांग करते हुए सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि वरिष्ठ शिक्षकों के रहते निचले क्रम के अनुभवहीन संस्कृत के व्याख्याता गिरधरी साहू को तत्कालीन डीईओ ने अस्थाई प्रभारी प्राचार्य का पद सौंपा। कुछ दिनों से 1 मई तक विद्यालय का समय सुबह सात बजे से एक पाली में संचालित किया जा रहा था अचानकल शिक्षकों को परेशान करने की नियत से कल 2 मई को अचानक आदेश दे दिया गया कि अब विद्यालय दो पाली में संचालित होगा। इसी दिन बिना सूचना दिए तथा बिना प्रभार दिए अपने साथ एक संविदा कर्मी को साथ में लेकर एक महिला परिचारक के भरोसे विद्यालय को छोड़कर कलेक्टर कार्यालय सक्ति चले गए। शिक्षकों का आरोप है किप्रभारी प्राचार्य से किसी भी समस्या या अन्य कारणों से वार्तालाप करने पर वो सहज रूप से न बात सुनते है न जवाब देते है। प्राचार्य पर महिला कर्मचारियों के साथ भी अभ्रद व्यवहार करने का आरोप लगाया है। वहीं शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की भी शिकायत की गई है। शिक्षकों का आरोप है कि प्रभारी प्राचार्य अपनी मनमानी करते हुए कार्य कर रहे है। प्रभारी प्राचार्य द्वारा कनिष्ठ होने के बाद भी वरिष्ठ शिक्षकों के साथ दुव्यर्वहार का आरोप भी लगाया गया है। शिक्षकों ने प्रभारी प्राचार्य पर कई तरह के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।




### खास बात

- कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की रखी मांग

### हाउसिंग बोर्ड कालोनी में समस्याओं का अंबार

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित कॉलोनी में समस्याओं का अंबार है। कालोनी को आज तक हाउसिंग बोर्ड ने स्थानीय निकाय को हेण्डओव्हर तक नहीं किया है। इस फेर में यहां के रहवासी सुविधाओं के लिए तरस रहे है। भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने गृह निर्माण मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष अनुराग सिंह देव से राजधानी रायपुर में मुलाकात कर हाउसिंग बोर्ड कालोनी की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया की 15 से 20 वर्ष पुराने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी को आज तक स्थानीय निकाय को हैंड-ओव्हर नहीं किया गया है, जिसका खामियाजा कॉलोनी वासियों को उठाना पड़ रहा है। मोहल्ले में जहां शहर के अन्य वार्डों की तरह साफ सफाई नहीं होती, वहीं सीवरेज की समस्या विकराल रूप ले रही है। कॉलोनी में पानी टँकी तो है , परन्तु कम क्षमता और तकनीकी खामियों के चलते पूरे कॉलोनी को पानी की आपूर्ति नही हो पाती है। मुहल्ले की सड़कें जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है,जिसके चलते आवागमन में असुविधा होती है। गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने पूरे विषय को सुना और त्वरित पहल करते हुए अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिया।

### लापरवाही...



**पामगढ़।** नवगठित नगर पंचायत पामगढ़ में लग रहे स्ट्रीट लाइट को चालू करने के लिए ठेकेदार द्वारा स्टेट बैंक के सामने में अंडर ग्राउंड लगने वाले केबल को बाहर ही खुले रूप में लगा दिया गया है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती हैं। फोटो : हरिभूमि

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिक बालिका से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 2 मई को पीड़िता नाबालिक बालिका रात्रि में घर में थी एवं उसके परिजन लोग परिवारिक कार्यक्रम से कही बाहर गांव गए हुए थे। आरोपी महेंद्र बंजारे द्वारा सूनेपन का फायदा उठाकर घर अंदर घुसकर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता चिल्लाई तो उनकी छोटी बहन उठ गई तब आरोपी महेंद्र बंजारे किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी महेन्द्र बंजारे को धारा 74, 331(4), 351(2) बी.एन.एस. 8 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

# ओड़ेकेरा में चल रहा बड़ा जुआ, जिम्मेदार पुलिस प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

नवीन जिला सक्ती के पुलिस थाना जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़ेकेरा के नकटा तालाब पार और मुर्गा फार्म हाउस के पीछे में जुआ का बड़ा दांव चल रहा है। इधर जिम्मेदार जैजैपुर पुलिस प्रशासन मौन धारण करते हुए जानबूझकर अनजान बने बैठे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नवीन जिला सक्ती के पुलिस थाना जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़ेकेरा में पिछले कई महीने से लगातार नकटा तालाब पार और मुर्गा फार्म हाउस के पास जुआ का बड़ा दांव प्रतिदिन रात में चल रहा है। जुआरियों का फोटो और वीडियो सोशल मीडिया में आजकल जमकर वायरल भी हो रहा है। सक्ती जिला के अलावा जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़, बलौदा बाजार, सारंगढ़, बिलासपुर, अंबिकापुर आदि दर्जन भर जिलों से लगभग एक सैकड़ा जुआरियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसकी शिकायत वहां के ग्रामीणों ने पुलिस थाना जैजैपुर में किए हैं। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे है। जुआ में दांव लगाते जुआरियों का फोटो आजकल सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है। यह बात लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके साथ ही जैजैपुर पुलिस की किरकिरी भी हो रही है।


जुआ फड़ की वायरल हो रही तस्वीर।

## प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बाद भी नहीं सुधर रही व्यवस्था

# कुरियारी व कुकदा में नल-जल योजना ठप, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

कुरियारी व कुकदा में नल-जल योजना फेल हो गई है। योजना के तहत बने नल से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। बूंद-बूंद पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे है। गांव में जल संकट गहराने लगा है।

शासन की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना ग्राम कुरियारी और कुकदा में पूरी तरह से दम तोड़ चुकी है। यहां के ग्रामीण इन दिनों बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। नल से जल की उम्मीद लगाए बैठे लोगों के घरों में एक बूँद पानी भी नहीं पहुंच पा रहा है। कुरियारी निवासी प्रेमलाल कश्यप ने बताया कि गांव में नल जल योजना का काम अधूरा पड़ा है। गलियों को खोदकर ऐसे ही छोड़ दिया गया है जिससे आवाजाही में परेशानी तो है ही, जल आपूर्ति भी पूरी तरह बंद है। कई महीनों से ग्रामवासियों के घरों में नल सूखे पड़े हैं। गर्मी के साथ ही गांव के पुराने जल स्रोत भी अब साथ छोड़ते नजर आ रहे हैं। ग्राम कुरियारी के प्रमुख तालाबों का जलस्तर तेजी से गिर रहा है। निस्तारी तालाबों में पानी न के बराबर बचा है जिससे मवेशियों को पानी पिलाने में भी दिक्कत हो रही है। कुकदा में बनी पानी की टंकी महज शोपीस, बनकर रह गई है। हैंडपंपों पर पानी भरने के लिए महिलाओं की भीड़ लग रही है। ग्राम कुकदा की स्थिति और भी चिंताजनक है। यहां महिलाएं सुबह से ही हैंडपंपों पर पानी भरने की लाइन में खड़ी देखी जा सकती हैं। स्थानीय निवासी शिव रत्नाकर ने बताया कि गांव में वर्षों पहले पानी सप्लाई के लिए टंकी बनाई गई थी, लेकिन आज तक उससे एक बूंद पानी भी सप्लाई नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। जल संकट के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव के लोग अब अपने स्तर पर पानी के इंतजाम में जुटे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नल-जल योजना का कार्य शीघ्र पूर्ण कर जल आपूर्ति बहाल की जाए, तालाबों का गहरीकरण किया जाए और वैकल्पिक जल स्रोत उपलब्ध कराए जाएं, ताकि आने वाले दिनों में पानी की और गंभीर समस्या न उत्पन्न हो।



बोरिंग से पानी भरती महिलाएं तथा बंद पड़ा नल जल योजना का नल।

# 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम बरगवां में अवैध महुआ शराब विक्रय करने वाले के विरुद्ध अकलतरा पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हुआ शराब बरामद की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम बरगवां में भोला भारद्वाज नामक युवक अवैध महुआ शराब का विक्रय कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर दबिश दी गई। इस दौरान भोला भारद्वाज को अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। भोला भारद्वाज के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 2 हजार रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी भोला भारद्वाज के विरुद्ध विधिवत धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर 4 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय, उप निरी बाबूलाल कोसरिया, प्रआर शरीफुद्दीन, आरक्षक कृष्णा पटेल, अजय भानू, अंजना लकडा का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### पीएम आवास सर्वेक्षण की समय सीमा बढ़ाई गई 15 तक

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा बढ़ाकर 15 मई तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ाकर 15 मई तक कर दी गयी है पहले यह सर्वेक्षण 30 अप्रैल तक निर्धारित था। सरकार ने यह निर्णय राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर लिया है। ताकि सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता और व्यापकता के साथ सपन्न किया जा सकें। इस पहल का उदेश्य हर पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करना है। जिन्हें अब तक पक्के आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य वर्ष 2028 सभी के लिए आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना आर्थिक रूप से गरीब/कमजोर ग्रामीण परिवारों को स्थायी और सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### बेहतर परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को मिलेगी कोचिंग की सुविधा

**कोरबा।** जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा सहित मेडिकल एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रवेश के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10वीं की परीक्षा अच्छे नम्बरों से पास करने वाले विद्यार्थियों को नीट एवं जेईईई की कोचिंग के लिए रायपुर भेजा जाएगा। कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में 10वीं बोर्ड के परिणाम के साथ ही सूची तैयार करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह कक्षा नौंवी तथा कक्षा 11वीं में अच्छे नम्बरों से पास होने वाले हर ब्लॉक के 10-10 विद्यार्थियों को राजधानी रायपुर में शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। इस दौरान उन्हें महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों का अवलोकन भी कराया जाएगा। उन्होंने जिले के कम से कम 20 प्रतिभावान विद्यार्थियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) का भ्रमण कराने हेतु डीईओ को इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिले के विद्यार्थियों हेतु समर कैंप आयोजित करने, जिले के विद्यार्थियों को जिले के सार्वजनिक उपक्रमों, खदान, बांगो डेम आदि का भी भ्रमण कराने के निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविर 31 तक

**कोरबा।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण 5 से 31 मई के बीच जिले के सभी विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी दी जाएगी। समाधान शिविर के तहत आगामी 5 मई को कोरबा विकासखंड के ग्राम पंचायत भैसमा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत भैसमा, ढोंगदरहा, चीतापाली, करमंदी, बगबुड़ा, चाकामार, करूमौहा, कुरूडीह, गोढ़ी, बेंदरकोना, मुढुनारा, हेतु भैसमा हाई स्कूल भवन में सशिविर आयोजित किया जाएगा।

### राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य कार्यक्रम 31 तक

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसएन केशरी के नेतृत्व में माह मई नगर निगम, पंचायत विभाग, समाज कल्याण विभाग, आयुष विभाग तथा राजस्व विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत जिले के शहरी तथा ग्रामीण समस्त सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न तिथियों में विभीन्न बिमारियों की स्क्रीनिंग हेतु सवास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिले के स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने कार्य क्षेत्र अंतर्गत समस्त 60 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध व्यक्तियों का शतप्रतिशत स्क्रीनिग कर बिमारियों या परेशानियों को चिन्हित करेंगे ।

## दो स्टेशन मास्टर सस्पेंड

# गलत सिग्नल मिला, गेवरा जाने वाली लोकल पहुंच गई कुसमुंडा साइडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/ बिलासपुर

शनिवार को गलत सिग्नल का नतीजा ऐसा हुआ कि गेवरा स्टेशन जाने वाली बिलासपुर-गेवरा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कम लोकल कुसमुंडा साइडिंग में पहुंच गई। अचानक साइडिंग को देखकर चालक के भी होश उड़ गए। इसकी जानकारी मिलते ही बिलासपुर डिवीजन के अधिकारियों ने तत्काल कुसमुंडा और कोरबा स्टेशन के स्टेशन मास्टर को सस्पेंड करने का आर्डर जारी कर दिया है।

बिलासपुर से रायपुर, नागपुर होते हुए अमृतसर तक चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस प्रतिदिन सुबह बिलासपुर-गेवरारोड लोकल बनकर सुबह बिलासपुर स्टेशन से 7.30 बजे रवाना की जाती है। यही ट्रेन गेवरा से वापस छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस बनकर बिलासपुर और अमृतसर के लिए दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर निकलती है। प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह बिलासपुर-गेवरारोड छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कम लोकल स्टेशन से रवाना की गई थी। यह ट्रेन सुबह 11.30 बजे कोरबा पहुंचने के बाद गेवरा के लिए रवाना होने के बाद वापस दोपहर 1 बजे वापस होकर कोरबा स्टेशन पहुंचती है, जहां से दोपहर डेढ़ बजे बिलासपुर के लिए रवाना की जाती है। प्रतिदिन की तरह लोकल ट्रेन शनिवार को अपने समय के अनुसार कोरबा स्टेशन पहुंची थी। स्टेशन में स्टापेज के कुछ देर बाद गेवरारोड स्टेशन के लिए रवाना कर दी गई। यह लोकल ट्रेन गेवरा रेलवे स्टेशन जाने के बजाय एसईसीएल कुसमुंडा की न्यू रेलवे साइडिंग पहुंच गई, जो कोल लोडिंग पाइंट के दायरे में आता है। इस ट्रेन में बड़ी संख्या में यात्री भी सफर कर रहे थे। अचानक गेवरा स्टेशन के बजाय कुसमुंडा साइडिंग में ट्रेन के पहुंचते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया।


कुसमुंडा रेलवे साइडिंग में जाती यात्री गाड़ी।

### किया गया है सस्पेंड

गलत लाइन पर ट्रेन को ले जाने के मामले में जांच शुरु कर दी गई है। जांच चलने तक कुसमुंडा और कोरबा के स्टेशन मास्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच की रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

चालक भी ट्रेन का रूट अचानक चेंज होने पर आश्चर्यचकित हो गए। इसकी जानकारी गेवरा रोड रेलवे स्टेशन और कुसमुंडा रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर से लेने का प्रयास किया। गेवरा रेलवे स्टेशन में मौजूद स्टाफ ने सिग्नल की तकनीकी त्रुटि की वजह से इस तरह की घटना होने की जानकारी दी। इसकी जानकारी मिलते ही बिलासपुर जोनल हेड क्वार्टर और डिवीजन कार्यालय में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने पूरी जानकारी लेने के बाद कुसमुंडा के स्टेशन मास्टर जितेश दास और कोरबा रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर एके जायसवाल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर जांच शुरु कर दी है।

# सीएमडी ने दीपका व कुसमुंडा खदान का किया निरीक्षण


खदान का निरीक्षण करते एसईसीएल सीएमडी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहान ने दीपका और कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसईसीएल दीपका व कुसमुंडा प्रबंधन के अधिकारियों से मशीन और उपकरण की तैनाती बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएमडी श्री दुहान ने कोयला उत्खनन संबंधी जानकारी जुटाई और लक्ष्य अनुरूप कोयला उत्पादन के निर्देश दिए।

**खास बात**
- कोयला उत्खनन का निरीक्षण कर उत्पादन बढ़ाने पर दिया जोर

सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहान ने शनिवार को दीपका मेगा प्रोजेक्ट का दौरा किया और संचालन की विस्तृत समीक्षा की। अनुबंधित केसीसी पैच पर उन्होंने अधिकारियों को पर्याप्त कार्य स्थान को देखते हुए ठेकेदार को मशीन और उपकरण की तैनाती बढ़ाने का भी निर्देश दिया। इसके बाद श्री दुहानी ने विभागीय पैच की समीक्षा की और संचालन को और बढ़ाने पर जोर दिया। लोअर कुसमुंडा-1 पैच में मानसून के लिए चल रही तैयारियों की समीक्षा और चर्चा की गई। सीएमडी ने डिस्पैच सिस्टम का भी निरीक्षण किया और एनटीपीसी को कोयला आपूर्ति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप क्षेत्र से उत्पादन बढ़ाने के महत्व पर बल दिया।

# कोटवारी भूमि के खंगाले जा रहे पुराने रिकार्ड, टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोटवारी भूमि के निरस्तीकरण की कार्यवाही जिला प्रशासन के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसको लेकर पुराने रिकार्ड भी खंगाले जा रहे हैं जिनमें कोटवारी भूमि की खरीदी बिक्री की गई थी। इसके लिए राजस्व अधिकारियों की टीम भी गठित की गई है, जो कोटवारी भूमि के रिकार्ड के साथ जो मामले न्यायालय में चल रही है उनका भी परीक्षण कर रही है।

**खास बातें**
- लगातार हो रही कोटवारी भूमि के निरस्तारीकरण की कार्रवाई
- पुराने खसरा नंबर को बदलकर नए खसरा नंबर की आड़.में जमीन का कब्जा

**दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में हुई है खरीदी- बिक्री**

कोटवारी भूमि की अधिकांश खरीदी बिक्री दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में हुई है, जहां आमतौर पर प्रशासन की नजर नहीं जाती जिसका फायदा भूमाफियाओं ने जमकर उठाया है। जिनके माध्यम से शहर के कई नामचीन लोगों ने ग्रामीण अंचलों में कोटवारी भूमि खरीदी है। प्रशासन के द्वारा कोटवारी भूमि का नामांतरण निरस्त करने की कार्यवाही से ऐसे लोगों में हड़कंप मच गया है।

जिले में बड़े पैमाने पर खरीदी बिक्री का काम हुआ है, इसे लेकर अब जाकर कार्यवाही की जा रही है। राजस्व अधिनियम अंतर्गत कोटवारी भूमि की खरीदी बिक्री नहीं की जा सकती उसके बावजूद जिले में कोटवारी भूमि के खरीदी बिक्री का खेल बेधड़क और बड़े पैमाने पर खेला गया। जमीन का सीमांकन होने के साथ साथ इसकी रजिस्ट्री भी हुई।

सबसे बड़ी आश्चर्य की बात यही है कि आखिर कोटवारी भूमि का सीमांकन पटवारी प्रतिवेदन खरीदी बिक्री के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कैसे तैयार किया। जबकि कोटवारी भूमि की खरीदी बिक्री नहीं की जा सकती। इस मामले में जमीन नामांतरण को निरस्त किया जा रहा है वहीं तत्कालीन जिम्मेदार हल्का पटवारी और आरआई के उपर गाज गिरना बाकी है। कोटवारी भूमि के कुछ मामले न्यायालय में भी विचाराधीन है जिनके परीक्षण के लिए राजस्व अधिकारियों की टीम भी गठित की गई है जो पुराने राजस्व रिकार्ड और किस समय जमीन की खरीदी बिक्री की गई है इसका पूरा परीक्षण कर रही है। ताकि न्यायालय में चल रहे प्रकरण में प्रशासन की ओर से जवाब प्रस्तुत किया जा सके। कुछ हल्कों में पुराने खसरे नंबर की जगह नया खसरा नंबर के आड़ में जमीन कब्जे करने के मामले प्रशासन के नजर में आया है जिनमें एसडीएम का हवाला बताया जा रहा है। ऐसे मामलों में कलेक्टर अजीत वसंत ने संज्ञान लिया है और ऐसे प्रकरणों की छानबीन कराई जा रही है।

# महीनों से बिजली खंभा दो हिस्सों में फिर भी चालू है करंट, बड़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बरपाली फीडर अंतर्गत उमरेली गांव में बिजली का खंभा टूटने से बड़ी दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार आंधी-तूफान के कारण लगा एक बिजली का खंभा दो हिस्सों में टूट गया, लेकिन विभाग की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। इस खंभे में अब भी करंट प्रवाहित हो रहा है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है।

**खास बात**
- बरपाली फीडर अंतर्गत उमरेली गांव का मामला

उमरेली के अमरनाथ चौक ब्राह्मण मोहल्ला में महीनों से बिजली खंभा दो हिस्सों में टूटा हुआ है, जो एक पोल के सहारे टिका हुआ है। बगल में एक और खंभा लगा दिया गया है, लेकिन विद्युत वायर का स्थानांतरण नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों ने विभाग को कई बार सूचना दी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे वहां से गुजरने वाले राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों की जान पर खतरा बढ़ गया है। क्षेत्रीय ठेकेदार अंतराम यादव ने बताया कि उन्होंने एस्टीमेट विभाग को सौंप दिया है, लेकिन उन्हें अभी तक कोई आदेश नहीं मिला है। क्षेत्रीय जनपद सदस्य नर्मदा देवांगन ने बताया कि खंभा 4 महीने पूर्व लगा दिया गया है, लेकिन विद्युत वायर का स्थानांतरण नहीं किया गया है। इससे संभावित दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

**अमलडीहा में भी टूटा खंभा**



करतला विकासखंड व बरपाली फीडर अंतर्गत आने वाले ग्राम अमलडीहा में भी बीते दिन आई तेज आंधी-तूफान के कारण गुड़ी चौक में लगा एक बिजली का खंभा दो हिस्सों में टूट गया। स्थानीय लोगों के अनुसार आंधी के दौरान खंभा तेज हवा के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। इस खंभे में अब भी करंट प्रवाहित हो रहा है। यदि समय रहते इसे नहीं बदला गया, तो कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामवासियों का कहना है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत टीम भेजकर टूटे हुए खंभे को बदला जाए और विद्युत आपूर्ति को सुरक्षित ढंग से संचालित किया जाए।

# कुसमुंडा खदान प्रभावित 40 भूविस्थापितों को मिलेगी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा अधिग्रहित विभिन्न ग्रामों के रोजगार हेतु लंबित प्रकरण एवं ग्राम पाली, खोडरी के भूविस्थापितों को विस्थापित, मुआवजा, रोजगार एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विगत दिनों एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर द्वारा भूविस्थापितों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए लगभग 40 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने बावत स्वीकृति आदेश कुसमुण्डा क्षेत्र के लिए जारी किया गया। जिसका अनुपालन करते हुए कुसमुंडा महाप्रबंधक सचिन तानाजी पाटिल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा से संपर्क कर भूविस्थापितों के साक्षात्कार दो चरणों में कराया गया। महाप्रबंधक, कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा दिये गये निर्देशों का तत्काल पालन करते हुए उपरोक्त विभागों द्वारा डॉ० सुबोध कुमार, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी, कुसमुण्डा क्षेत्र से संपर्क कर 40 भूविस्थापितों का आईएमई चिकित्सकीय परीक्षण कराने हेतु कार्रवाई की गई तथा क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा बिना विलंब किये संबंधित भूविस्थापितों का आईएमई दो दिनों के भीतर संपन्न कर प्रतिवेदन संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया। नौकरी हेतु जारी लिस्ट उपरांत सभी 40 भूविस्थापितों के त्वरित साक्षात्कार एवं मेडिकल परीक्षण होने से उन्हें जल्द से जल्द नौकरी मिलेगी। एसईसीएल प्रबंधन कुसमुंडा क्षेत्र से प्रभावित समस्त ग्रामों की उन्नति हेतु अत्याधिक प्रयत्नशील है और भविष्य में भी इस प्रकार भू विस्थापितों के उन्नति हेतु कार्रवाई करने संकल्प भी लिया गया है।


भूविस्थापितों से चर्चा करते राजस्व अधिकारी।

### प्लेसमेंट कैंप 8 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में 8 मई को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से एस.के.सेफ्टी विंग (एमाजॉन) हैदराबाद के अंतर्गत वेसरहाउस एसोसिट्स के कुल 500 पद, कार्यस्थल हैदराबाद, मित्रा ग्रुप ऑफ कंपनी रायपुर के अंतर्गत सुपरवाईजर के 10 और सर्वेयर के 20 पद, कार्यस्थल कोरबा, वेदान्ता स्कील स्कूल बालको कोरबा अंतर्गत सिविंग मशीन आपरेटर इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, होटल मैनेजमेंट, सोलर पी.व्ही.इंस्टालर, मोबाईल रिपेयरिंग एण्ड हार्डवेयर के 60-60 पद पर नियुक्त किया जाएगा।

जाँजगीर मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट 2 पे 4 फ्री
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
- फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुडना
- कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
- सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
- नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बॉझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
24/7 EMERGENCY SERVICES
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं:
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

4-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/4/2025 7:55 PM Page 1





# अजय देवगन से हिला बॉक्स ऑफिस...

**मुंबई।** अजय देवगन की 'रेड 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों में गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है। पहले दिन मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर दोहरे अंकों में ओपनिंग दर्ज की। सफल फ्रैंचाइज का हिस्सा रही इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर करीब 18 करोड़ रुपये की कमाई की। 'रेड 2' को ओपनिंग डे पर मजदूर दिवस की छुट्टी का सहारा मिला। रिपोर्ट के मुताबिक अजय देवगन की मूवी ने दो दिनों में वर्ल्डवाइड 40.50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। जल्द ही यह 50 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी। शुक्रवार, 02 मई 2025 को रेड 2 की कुल हिंदी ऑक्यूपेंसी 19.23 प्रतिशत थी।

लाइफ Style



# चित्रांगदा

## 'अधिक गोरी' नहीं होने के कारण रिजेक्ट

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने सनसनीखेज खुलासा किया है कि एक नामी टेलकम पाउडर बनाने वाली कंपनी ने उनके स्किन के कलर को लेकर उन्हें रिजेक्ट किया था। चित्रांगदा सिंह ने हजारों ख्वाहिशें ऐसी फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी।

चित्रांगदा सिंह को हाल ही में फिल्म गैसलाइट में देखा गया है। यह एक मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है। इसमें उनके अलावा सारा अली खान और विक्रांत मेस्सी की अहम भूमिका है। उन्होंने 2005 में आई फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी से डेब्यू किया था। इसके पहले उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में काम किया है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने अपनी जर्नी के बारे में बात की है। चित्रांगदा सिंह ने खुलासा किया कि उन्हें एक बड़ी टेलकम पाउडर ब्रांड ने रिजेक्ट किया था। वह कहती हैं, मैं म्यूजिक वीडियो करती थी लेकिन मुझे एक बड़े टेलकम पाउडर कंपनी ने अधिक गोरी नहीं होने के कारण रिजेक्ट कर दिया था। तब मैंने फिल्म के लिए ऑडिशन दिया और मुझे लगा कि मुझमें वह बात नहीं है और तभी मुझे फिल्म का ऑफर आया। तब मुझे लगा कि यह अच्छी बात है। उन्हें लग रहा है कि मैं अच्छा काम करूंगी और मैंने देखा कि कई लोगों ने उस फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था तो अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो उस वक्त मैं वाकई फिल्म करना चाहती थी। चित्रांगदा सिंह ने यह भी कहा कि जब वह फिल्म कर रही थी, तब उन्होंने यही सोचा कि यह सुधीर मिश्रा की फिल्म है। इसके अलावा वह और कुछ नहीं सोच रही थी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' की सीन पर बड़ा खुलासा

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स*' को लेकर फैंस में उत्साह चरम पर है। हाल ही में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स खासकर रेडिट पर फिल्म की पोस्ट-क्रेडिट सीन को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। कई फैंस का मानना था कि यह सीन न केवल 'फैंटास्टिक फोर' की एंट्री का संकेत देता है, बल्कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से भी जुड़ा है। अब फिल्म के निर्देशक जेक श्रेयर ने एक इंटरव्यू में इन अटकलों को सच करार दिया है।



# उसने मेरा साथ..., छलके मिरियम हेली के आंसू...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के पूर्व दिग्गज निर्माता हार्वे वीनस्टीन के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न के मुकदमे में एक पीड़िता ने कोर्ट में भावुक होकर अपना पक्ष रखा। 48 वर्षीय मिरियम हेली ने शुक्रवार को गवाही देते हुए कहा, उसने मुझ पर हमला किया, मैंने नहीं। यह कहते हुए उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। यह मामला करीब दो दशक पुराना है, जिसमें हेली ने वीनस्टीन पर जबरन यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। न्यूयॉर्क की अदालत में वीनस्टीन के खिलाफ नए सिरे से मुकदमा चल रहा है। इस मामले में हेली पहली गवाही देने वाली पीड़िता हैं। उन्होंने चौथे दिन गवाही दी। इस दौरान वीनस्टीन के वकील जेनिफर बोनजीन ने उनसे कड़े सवाल किए, जिससे हेली भावुक हो गईं। वकील ने पूछा कि क्या हेली की सहमति से यह सब हुआ था।



# बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड नहीं मिलने से रोई थीं


**मुंबई।** अनुष्का शर्मा बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक मानी जाती है। हाल में एक्ट्रेस ने अपना 37वां जन्मदिन मनाया। अनुष्का शर्मा ने 2008 में फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल हो रहे वीडियो में अनुष्का ने बताया की जब उनको फिल्मफेयर का बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड नहीं मिलने पर उनको कैसा लगा था। 2018 में एक इंटरव्यू में अनुष्का ने बताया था कि, उन्हें पूरा भरोसा था कि वो फिल्मफेयर का बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड जीतेंगी। लेकिन उस साल यह अवॉर्ड आमिर खान की फिल्म 'गजनी' की एक्ट्रेस आसिन को मिला था। अवॉर्ड न मिलने से वह बहुत दुखी और परेशान हो गई थीं।




# ठंडे बस्ते में गई सल्लू की गंगा राम...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान 'सिकंदर' के बाद से अपनी नई फिल्मों को लेकर लगातार चर्चा में बने हैं। खबर थी कि वह 'गंगा राम' नाम की फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। खबर है कि बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान ने अपनी आगामी फिल्म 'गंगा राम' को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया है। इस फैसले के पीछे उनके फैंस की नाराजगी और चिंता है, जिन्होंने फिल्म की घोषणा के बाद सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर अपनी नाखुशी जाहिर की थी। 'गंगा राम' में सलमान खान के साथ संजय दत्त मुख्य भूमिका में नजर आने वाले थे और इस फिल्म को नए डायरेक्टर कृष अहिर निर्देशित करने वाले थे, लेकिन जैसे ही फिल्म की घोषणा हुई, सलमान के फैंस ने इस प्रोजेक्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए।

## टीवी मसाला



# 'मेरी मां को रेप की धमकियां मिलीं', अपूर्वा का छलका दर्द

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में अपने आपत्तिजनक बयान की वजह से विवादों में घिरी अपूर्वा मुखीजा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने खुलासा किया कि इस विवाद को उनके साथ उनके परिवार पर भी गहरा असर पड़ा। उन्होंने बताया कि कैसे अचानक वायरल होने के बाद अजनबी लोग उनके माता-पिता के सोशल मीडिया अकाउंट तक पहुंच गए और उनके बुरा बर्ताव करने लगें। इसके चलते उनकी मां की तबीयत भी बिगड़ गई। अपूर्वा मुखीजा ने युवा से कहा, 'लोगों ने मेरे माता-पिता के सोशल मीडिया अकाउंट खोज लिए। मेरी मां का अकाउंट पब्लिक था और जब यह सब हो रहा था, तो पहले दो दिनों तक मैं केवल अपने बारे में सोच रही थी। अपूर्वा ने कहा, 'मेरी मां को बहुत सारे अपशब्द और रेप की धमकियां मिलीं। मुझे तीन दिन तक पता नहीं चला। मैंने अपने भाई को फोन किया और उसने मुझे बताया कि मां का ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। इससे दिल का दौरा पड़ सकता है।

## सना मकबूल बोलीं- मेरी मर्जी मैं चाहे जैसी दिखूं...

**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 की विनर सना मकबूल के फैन पेज द्वारा एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में अभिनेत्री ट्रोलर्स को



करारा जवाब देती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने बढ़े हुए वजन को लेकर बॉडी शेम किए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। वीडियो में उन्होंने साझा किया कि शायद लोगों को नहीं पता कि वह किस दौर से गुजर रही हैं। वीडियो पर गुरुवार 1 मई का तारीख भी लिखी है। वायरल हो रहे वीडियो में सना को कहते हुए सुना जा सकता है, 'हाय दोस्तों, आप में से बहुत से लोग मुझसे कह रहे हैं कि मेरा वजन बढ़ गया है। गाल भर गए हैं। सच कहूं तो पहले इस बात का फर्क पड़ता था, लेकिन अब फर्क नहीं पड़ता। मेरी बॉडी है। मैं चाहे जैसी भी लगूं, जैसा भी हो यह मेरा शरीर है। यह मेरी मर्जी है कि मैं कैसी दिखूं। मुझे लगता है कि मैं शानदार दिखती हूं। मैं शानदार हूं।'

# 'चीजें थाली में सजा कर नहीं मिलती'

**मुंबई।** वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट यानी वेव्स समिट का आगाज मायानगरी मुंबई में एक मई को हुआ। इस समिट का आगाज पीएम मोदी ने किया। इसमें फिल्मी दुनिया से जुड़े तमाम बड़ी हस्तियों ने भी



हिस्सा लिया। बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी समिट में हिस्सा लिया और फिल्म इंडस्ट्री में इनसाइडर और आउटसाइडर यानी अंदर से जुड़े लोगों और बाहर से आए नए कलाकारों के बीच के फर्क पर खुलकर बात की। वेव्स 2025 सम्मेलन के दौरान शाहरुख खान ने कहा, मैं एक बात साफ करना चाहता हूं 'भूख' एक बहुत बड़ा शब्द है। मुझे इनसाइडर और आउटसाइडर के बीच बनाए गए भेद से दिक्कत है। शाहरुख की यह बात एक गहरी और समझदारी भरी चर्चा की शुरुआत थी। उनके शब्द सीधे दिल को छूने वाले थे।

## सेल्फी ना लेने पर ट्रोल हुए अल्लू



**मुंबई।** अल्लू अर्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेता अल्लू अर्जुन एक प्रशंसक के साथ सेल्फी लेने से इनकार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद यूजर्स ने उनके इस रवैये के लिए अभिनेता की आलोचना करनी शुरू कर दी। दरअसल, शुक्रवार को अल्लू अर्जुन 'वेव्स 2025' में हिस्सा लेने के लिए मुंबई पहुंचे थे। इस दौरान जैसे ही वह अपनी कार से बाहर निकले उनके एक प्रशंसक ने उनके सेल्फी के लिए अनुरोध किया। हालांकि, अभिनेता उसके साथ फोटो लेने के लिए नहीं रुके। बल्कि उसके कंधे पर हाथ थपथपाते हुए चले गए। उनके सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा भी फैन को हटने का इशारा करते हुए देखा गया।अभिनेता का यह रवैया सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आया।

# फुलेरा में सज गया चुनावी मैदान होगा जोरदार घमासान...

**मुंबई।** फुलेरा गांव की 'पंचायत' वापस आ रही है। प्राइम वीडियो के पसंदीदा शो 'पंचायत' के चौथे सीजन का टीजर आज जारी हो गया है। जो इस बात की झलक दिखाता है कि इस बार फुलेरा में प्रधानी का चुनाव होने जा रहा है। प्रधान जी के सामने एक बार फिर भूषण यानी कि बनराकस चुनौती बनकर खड़ा है। अब चुनाव का नतीजा क्या रहता है और क्या भूषण प्रधान जी पर भारी पड़ेगा, ये 2 जुलाई को ही पता चलेगा। प्राइम वीडियो की ओर से इस टीजर को ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर जारी किया गया है। टीजर की शुरूआत होती है एक वॉइस ओवर और पंचायत के कुछ सीन के साथ।



वॉइस ओवर में कहा जाता है, "भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और इस लोकतंत्र का एक छोटा सा हिस्सा है हमारा फुलेरा गांव। जहां इस साल होगा बड़ा घमासान, जब इलेक्शन में लड़ बैठेंगे हमारे प्रधान जी और भूषण। आइयेगा जरूर हमारे फुलेरा का चुनाव देखने।"

## इस बार थीम है 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'

# कल सजेगी मेट गाला की महफिल, 76 साल पहले हुई थी शुरुआत

***लॉस एंजिलिस।*** *फैशन की सबसे बड़ी शाम और सबसे बड़े फैशन शो मेट गाला में शिरकत करना हर सेलेब्रिटी के लिए एक उपलब्धि की बात होती है। हर साल की तरह इस बार भी मेट गाला वापस आ रहा है। 5 मई को न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट में एक बार फिर से मेट गाला की महफिल सजने वाली है। दुनिया भर की मशहूर हस्तियां और डिजाइनर अपनी थीम के अलग-अलग पोशाकों में नजर आएंगे। जानते हैं मेट गाला की इस बार की थीम के बारे में और इसमें कौन-कौन हस्तियां होंगी शामिल।*

***1948 में हुई मेट गाला की शुरूआत :*** सबसे पहले जिनको नहीं पता उन्हें ये बता दें कि मेट गाला है क्या और इसकी शुरूआत कबसे हुई। मेट गाला एक चैरिटी इवेंट है, जो हर साल न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट्स के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत साल 1948 में सोसाइटी मिडनाइट डिनर के रूप में हुई थी।



***कौन करता है मेट गाला की थीम का चयन :*** मेट गाला का आयोजन और इसकी अध्यक्षता वोग मैगजीन की एडिटर-इन-चीफ अन्ना विंटोर साल 1995 से कर रही हैं। आमतौर पर इसका आयोजन हर साल मई के पहले सोमवार को किया जाता है। इस बार भी इसका आयोजन इसी दिन पर किया जा रहा है। वहीं मेट गाला की थीम का चयन भी एना विंटोर ही करती हैं। साथ ही मेहमानों का चयन भी एना विंटोर और उनकी टीम करती है।

### मेट गाला 2025 की थीम

इस बार मेट गाला 2025 की थीम 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' है, जो फैशन के जरिए ब्लैक आइडेंटिटी की अहमियत को दिखाएगा। जबकि इस बार ड्रेस कोड 'टेलर्ड फॉर यू' रखा गया है, जिसमें मेन्स वियर और सूटिंग पर ध्यान दिया जाएगा। इस बार की थीम मोनिका एल. मिलर की 2009 की किताब 'स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी' से प्रेरित है।

### दुनियाभर की इन दिग्गज हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद

मेट गाला में सबकी नजरें टिकी होती हैं इसकी गेस्ट लिस्ट पर। हर कोई ये जानना चाहता है कि मेट गाला में कौन-कौन गेस्ट शामिल होंगे। इस बार की भी लिस्ट जो सामने आ रही है, उसमें दुनियाभर की कई दिग्गज हस्तियां शामिल हैं। अब तक सामने आ रही रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार रेड कार्पेट पर जो हस्तियां शामिल होंगी, उनमें जॉय किंग, मिरांडा केर, क्लो सेविग्नी, क्लैरो और एम्मा चेम्बरलेन के नाम शामिल हैं। इसके अलावा हॉलीवुड से निकोल किडमैन और जो सलदाना, मोनिका बारबरो, डैमसन इदरीस और मैल्कम वाशिंगटन के भी मेट गाला 2025 में शिरकत करने की उम्मीद है। साथ ही टर्नर-स्मिथ, जैनिक्जा ब्रावो और मॉडल उगबाद अब्दी भी रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरती नजर आएंगी।

## खबर संक्षेप



### संत रामपाल के आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंसुला (बिर्रा) में प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से संत रामपाल महाराज का एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन चंद्रा भवन में किया गया। संत रामपाल द्वारा चार वेद, गीता, पुराण, कबीर सागर, से प्रमाणित सृष्टि रचना विस्तार से बताया गया। चंद्रा भवन परिसर में आध्यात्मिक पुस्तको के प्रदर्शनी लगाया गया था। हिंदू धर्म के महान पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया गया। संत रामपाल के सत्संग का उद्देश्य है कि मानव समाज में भाईचारा की स्थापना हो। सभी मानव शास्त्रानुसार साधना करें। समाज से पाखंडवाद पूर्ण रूप से दूर हो। नशा मुक्त समाज का निर्माण हो। सभी मानव समाज नैतिक एवं सामाजिक जीवन जीये। सभी सद्गति करके शाश्वत स्थान सतलोक को प्राप्त करें। संत रामपाल के आध्यात्मिक कार्यक्रम में जगतदास महंत, रामानंद पटेल, मुकेश पटेल, शांतनु चंद्रा, राजेंद्र चंद्रा एवं सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

### बहेराडीह के किसान स्कूल में गायत्री महायज्ञ आज

**बहेराडीह।** स्कूल बहेराडीह में गत वर्ष की भांति 5 मई को सुबह 8 बजे गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि किसान स्कूल की स्थापना कृषि क्षेत्र में युवा पीढ़ी को जोड़ने, जैविक कृषि को बढ़ावा देने, एकीकृत कृषि प्रणाली पर जोर देने तथा कृषि को ब्यापार के रूप में अपनाने की जरूरत को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों के सहयोग से किया गया है। वहीं देशी बीजों को संरक्षित करने, विलुप्त चीजों को सहेजने का काम किसान स्कूल में किसानों के सहयोग से निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### फाउंडेशन द्वारा बेजुबानों के चारा पानी के लिए चलाया जा रहा अभियान

**अकलतरा।** सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन द्वारा नगर पंचायत नरियरा में पशु पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में चारा, पानी के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भुविस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति के अध्यक्ष एवं भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, नगर पंचायत नरियरा के उपाध्यक्ष व वार्ड 11 के पार्षद सत्येन्द्र दुबे , वार्ड 9 के पार्षद व जिला महामंत्री भा ज यू मो आकाश सिंह एवं वार्ड नंबर 10 पार्षद मनोज साहू सहित नगरवासियों को मिट्टी का चकोर भेट किया गया। अभियान को लेकर वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा बेजुबानों के लिए पानी चारे के लिए मिट्टी के चकोर बांटकर लोगो को जागरूक कर रहे हैं, पहले अकलतरा नगर पालिका में जनप्रीतिनिधियो सामाजिक कार्यकर्तों को बांटा गया। नरियरा पँचायत में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सचिव चिराग शर्मा ने बताया कि हम मानव बोल कर या किसी से मांग कर अपनी भूख प्यास मिटा लेते है पर पशु पक्षी ऐसा नही कर पाते, इसीलिए हमारी संस्था गर्मी के मौसम में लोगो को मिट्टी के चकोर बांट रही है। संस्था के सदस्य दीपक साहू, मोहन कश्यप, गौतम साहू, दीपक साहू, मोहन कश्यप, श्रीपाल सिंह, वीरेंद्र साहू, सौरभ सिंह, शरद सिंह, सतीश मनिकपुरी, नितेश कुमार, प्रेम निर्लमकर उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत के तृतीय दिवस स्कंध की सुनाई कथा

**जांजगीर-चांपा।** सनातन धर्म के पुराणों में



ऐतिहासिक कथाएं धार्मिक कथाएं एवं भगवान की अनन्य लीलाओं की कथा तो प्राप्त होते हैं इसके अतिरिक्त पूर्व ऋषि महात्माओं जी के द्वारा विज्ञान के भी अनेक चर्चाओं से हमें पहले ही अवगत करा दिया गया है। जिसमें अणु परमाणु तथा त्रसरेणु की चर्चा की गई है। श्रीमद् भागवत के तृतीय स्कंध के 11वें अध्याय में अणु और परमाणु का परिचय देते हुए बताया गया है कि दो परमाणु मिलकर के एक अणु बनते हैं और तीन अणु मिलकर के एकत्र त्रसरेणु का निर्माण करते हैं प्रायः आज विज्ञान में अणु और परमाणु के चर्चा अधिक लाई जाती है लेकिन त्रसरेणु चर्चा नहीं हो पाती जो कि पुराणों में उल्लेख किया गया है झरोखों में से होकर के आई हुई सूर्य की करने के प्रकाश में उड़ता हुआ धूल के कण जिसे त्रसरेणु के नाम से जाना जाता है।

### लक्ष्मणेश्वर भूमि में आज होगा कवियों का समागम

**खरौद।** धार्मिक नगरी खरौद में छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन 5 मई को कुंजबिहारी साहू की स्मृति में रखा गया है। छग की काशी के नाम से विख्यात धार्मिक नगरी खरौद में लक्ष्मणेश्वर मंदिर के सामने 5 मई को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। रायपुर के वरिष्ठ कवि मीर अली मीर, अकलतरा के बंशीधर मिश्रा, जांजगीर के अरुण तिवारी, सीपता-बिलासपुर के शरद यादव अक्स, कोटा की सोमप्रभा नूर, मौहाडीह-बाराद्वार के कौशल दास महंत, रतनपुर के बाल मूकुंद श्रीवास और खोखरा-जांजगीर के कवि अनुभव तिवारी के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। आयोलक ने सभी को पहुंचने की अपील की है।

## सक्ती जिले में मिले है 1 लाख 3 हजार 321 आवेदन

# सुशासन तिहार, आज से समाधान शिविरों में सुनी जाएगी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सुशासन तिहार के तहत सक्ती जिले में प्राप्त 1 लाख 3 हजार 321 आवेदनों का निराकरण अलग अलग चरणों में आज से किया जाएगा। इसे लेकर कलेक्टर ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किए है।

गौरतलब है कि कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सुशासन तिहार-का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। उन्होंने बताया कि सक्ती जिले में कुल 1 लाख 3 हजार 321 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग के संबंधित 1 लाख 1 हजार 750 एवं शिकायत से संबंधित 1571 है। इसमें मांग के संबंधित 98 हजार 855 एवं शिकायत से संबंधित 1117 आवेदनों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर श्री तोपनो ने कहा कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 5 मई से हो रही है, जो 30 मई तक चलेगी। इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 30 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में आवेदन भी लिए जाएंगे। विभागीय अधिकारी समाधान शिविरों में विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी देंगे। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला स्तर से भी कुछ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आम जनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे।



पत्रकारों से चर्चा करते सक्ती कलेक्टर



सड़क पर भरा पानी।

## गोधना-कुकदा पहुंच मार्ग की हालत बदतर, आवागमन में परेशानी

### हल्की बारिश से ही सड़क जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

गोधना से कुकदा तक की सड़क मार्ग की स्थिति दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। हाल ही में हुई बारिश के बाद यह मार्ग पूरी तरह कीचड़युक्त व गड्ढों से भर गया है। सड़क पर बड़े-बड़े जलजमाव हो गए हैं। जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहनों और बच्चों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

गांववासियों के अनुसार, यह सड़क वर्षों से बिना किसी उचित मरम्मत के ही उपयोग में है। कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा गया है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि हर बारिश के बाद यह मार्ग जानलेवा बन जाता है।स्थानीय निवासी विजय अजगलेन बताया, ₹हम रोज इसी रास्ते से अपने बच्चों को स्कूल ले जाते हैं, लेकिन अब गड्ढों और कीचड़ की वजह से बाइक फिसलने का डर बना रहता है। कई बार हादसे हो चुके हैं। खास बात यह है कि दुकानदारों को भी इससे नुकसान हो रहा है क्योंकि इस रास्ते से होने वाली आवक-जावक कम हो गई है। व्यापार प्रभावित हो रहा है और आने-जाने वालों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की माँग है कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से इस सड़क की मरम्मत कराए, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके और दुर्घटनाओं की आशंका कम की जा सके।

## कोसला में रैली निकालकर चलाया नशामुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

पामगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोसला में महिला समूह, नागरिकों और ग्राम पंचायत के सदस्यों ने मिलकर नशा मुक्ति के लिए एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य गांव में नशे की समस्या के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना था। रैली के दौरान लोगों ने नशा मुक्ति के समर्थन में नारे लगाए।

गांव के सरपंच राजकुमार नारंगे ने बताया कि महुआ बिक्री, शराब बिक्री, खूले में शारब पीने वालों के लिए गांव में ₹महिला ब्रिगेड₹ का गठन किया जाएगा। जिसमें गांव की महिलाएं लाठी लेकर सुबह साम गांव के हर गली-मोहल्ले में पहरा देती रहेंगी। गांव में शराब बेचते या पीते पकड़े जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा, पुलिस कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान सरपंच राजकुमार नारंगे, उप सरपंच योगेश कुमार साहू, पंच फिरत राम कुर्मी, आशीष तिवारी, रमेश गोलू कश्यप, संजय पटेल, राजकुमार कश्यप, भगवती साहू, संजय कश्यप, कमलेश कश्यप, प्यारेलाल साहू, विनोद कुमार, अमृत लाल साहू, राजकुमार साहू, मिलाप साहू, पवन कश्यप आदि मौजूद रहे। इस रैली के आयोजन से गांव में नशे के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश दिया में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के लोग शामिल थे।




नशामुक्ति अभियान के तहत निकली रैली।

### 25 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**जांजगीर-चांपा।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के निर्देशन में जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा नगर के शारदा मंदिर परिसर में चल रहे 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन महिला पतंजलि समिति के जिला महिला प्रभारी श्रीमती मनीषा गोपाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ।समापन शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा आप सभी सौभाग्य शाली है जो 25 दिवसीय योग शिविर में भाग लेकर विभिन्न आसन,ध्यान क्रिया के बारे में जानकारी मिला। समापन शिविर का संचालन महिला पतंजलि समिति महामंत्री श्रीमति चमेली साहू ने किया। प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से 7 बजे तक योग करके अधिकाधिक लाभान्वित हुए।

## प्राचार्य की सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद

प्राचार्य की सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलौनी की प्राचार्या श्रीमती ए.एस. लकड़ा की सेवानिवृत्ति होने पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

श्रीमती लकड़ा का जन्म अंबिकापुर जिला में 15 अप्रैल 1963 को हुआ था इनकी शिक्षा विभाग में प्रथम नियुक्ति यू. डी. टी.के पद पर 7 दिसंबर 1984 को शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर जिला सरगुजा में हुआ था इन्होंने शिक्षा विभाग में शिक्षक,व्याख्याता, एवं प्राचार्य की पद को सुशोभित किया इन्होंने 41 वर्ष की गौरवपूर्ण सेवा में 15 साल 8 मां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलौनी के कार्यकाल में शिक्षा के स्तर को श्रेष्ठतम ऊंचाई तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता, अनुशासन प्रियता वह सरल स्वभाव के कारण सभी की प्रिय बनी रही शिक्षक ने उनके कार्यों को याद करते हुए भावुक शब्दों में विदाई दी उन्हें स्मृति चिन्ह, संविधान, साल, श्रीफल एवं विभिन्न उपहारो से सम्मानित किया गया। श्रीमती लकड़ा ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम व ईमानदारी से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी कर्मचारियों द्वारा उनके सम्मान में भोज का आयोजन किया गया ।




विदाई समारोह में उपस्थित स्कूल स्टाफ।

## सभापति ने प्रदान किया बैटरी चलित ट्रायसायकिल

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत नवागढ़ परिसर में शनिवार 3 मई को जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में गिद्धा निवासी दिव्यांग मुकेश कुमार यादव को ट्रायसायकल प्रदान किया गया।

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत गिद्धा निवासी मुकेश कुमार यादव जो पैर से विकलांग हैं। जिसे शनिवार को जनपद पंचायत नवागढ़ परिसर में जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू के मुख्य आथित्य में बैटरी चलित ट्रायसायकिल प्रदान किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत के नवागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार मौजूद थे। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सभापति साहू कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी तब से प्रदेश के जनताओं को सैकड़ो योजनाओं का लाभ मिल रहा हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, श्याम लाल कवर, दौलत राम साहू, मेला राम यादव, दुखु राम साहू, आचार्य अमित मिश्रा, नवल सिंह मौजूद रहे।



## 20-20 क्रिकेट में क्वालिफाई महासमुंद को 6 विकेट से हराया



मैच के दौरान खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

इंटर डिस्ट्रिक्ट 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में जांजगीर-चांपा टीम ने महासमुंद को 6 विकेट से हराकर अगले वर्ष होने वाले एलिट पुल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

कप्तान शह बान की अर्धशतकीय पारी एवं जानेंद्र सिदार के नाबाद 49 रन की बदौलत टीम ने जीत हासिल की छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने शुरुआती दो मैच हारने के बाद जांजगीर चांपा जिले का मुकाबला महासमुंद जिले के टीम से था, जिसमें महासमुंद जिले के टीम ने टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 185 रन बनाए एवं जांजगीर चांपा टीम को जीत के लिए 186 रनों का लक्ष्य दिया जांजगीर चांपा टीम की ओर से हर्ष राठौर, दुर्गेश सोनवान, आदित्य यादव, लब्याम राजपूत एवं साहबान खान को एक-एक विकेट मिला। 186 रनों का लक्ष्य का पीछे करने उतरी जांजगीर चांपा टीम की शुरुआत काफी अच्छी रही। शुरुआती दोनों बल्लेबाज जानेंद्र सिदार एवं प्रवीण केवट ने काफी सधी हुई बल्लेबाजी की एवं टीम का स्कोर को बनाए रखते हुए एक मजबूत शुरुआत दी पहले विकेट के पतन के पश्चात वन डॉउन बैट्समैन सौरभ जायसवाल ने आकर शानदार हीटिंग करते हुए टीम का स्कोर 11 ओवर में 66 रन तक पहुंचाया। दूसरा विकेट गिरने के पश्चात कप्तान शाबान खान द्वारा धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंद में 72 रन की शानदार पारी खेली अंत में जानेंद्र सिदार ने नाबाद रहते हुए 40 बॉल पर 49 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई जांजगीर चांपा टीम की ओर से प्रवीण केवट ने 14 गेंद में 22 रन, जानेंद्र सिदार ने 40 बॉल पर 49 रन, सौरभ जयसवाल 11 बाल पर 28 रन,कप्तान शाबान खान 33 बॉल पर 72 रन एवं आयुष ने 6 रनों का योगदान दिया जांजगीर चांपा टीम यह मुकाबले 6 विकेट से जीत लिया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन जांजगीर चांपा टीम के कोच आशुतोष पांडे एवं मैनेजर श्याम सिंह ठाकुर ने कहा कि टीम दो मैच हार कर पिछड़ने के बाद महासमुंद से जीत मिली। जांजगीर चांपा टीम का अगला मुकाबला रायपुर ब्लू से कल भिलाई में खेला जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पद्मेश शर्मा ने बताया कि जांजगीर चांपा सीनियर वर्ग की टीम पूर्व में ही डेज फॉर्मेट में एलिट पुल के लिए क्वालीफाई कर चुकी थी। टीम ने 20-20 प्रतियोगिता के लिए अगले वर्ष के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

## शैक्षिक गुणवत्ता में नवाचार की दिशा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता एवं शैक्षिक कार्यों में गुणवत्ता वृद्धि के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पेंड्रा जिला - गौरेला पेंड्रा - मरवाही (छत्तीसगढ़) द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस प्रशिक्षण में राज्य के विभिन्न जिलों से आए शिक्षकों ने भाग लिया।

जांजगीर चांपा जिले से जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल, बिर्रा की चार शिक्षिकाओं - सुश्री मनीषा मसीह, प्रणिता यादव, कुमारी पटेल, हीरावती आदित्य ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल सिद्धांतों, समग्र शिक्षा, प्रारंभिक भाषा शिक्षण, मूल्यांकन में नवाचार, प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण, और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं रोचक बनाने हेतु विविध सत्र आयोजित किए गए।प्रशिक्षण में विषय-विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक कार्यशालाओं के माध्यम से शिक्षकों को नई शैक्षणिक विधियों से परिचित कराया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को 21वीं सदी के आवश्यक कौशलों से सुसज्जित करना और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षण को अधिक सक्षम बनाना रहा। प्रशिक्षण समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और भविष्य में नवाचारपूर्ण शिक्षण के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी सहभागी शिक्षकों को उनके उत्साहपूर्ण योगदान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



मधुमक्खी पालन देखने पहुंचे बच्चे।

## निर्दोष नागरिकों की हत्या का किया विरोध

# पहलगाम आतंकवादी हमले के विरोध में रैली निकालकर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर की महिलाओं द्वारा पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं के हत्या के विरोध में रैली कर विरोध प्रदर्शन किया। रैली मिठ्या भवन से निकाल कर मस्जिद रोड, शास्त्री चौक, सब्जी मार्केट होते हुए महामाया मंदिर पहुंची। रैली में महिलाओं के द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए निर्दोष नागरिकों की हत्या का पुरजोर विरोध किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी ने कहा कि अब सरकार को आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए तथा पाकिस्तान को उसके कुकर्म के लिए सबक सिखाना होगा। कार्यक्रम का नेतृत्व मधु शर्मा ने किया उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का यह कायराना कृत्य है जिसने पूरे भारत को झकझोर कर रख दिया है। सरकार को इसका मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। महिलाओं ने कहा कि नागरिकों का बलिदान व्यर्थ न जाए। सभी ने सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम सिंधु नदी के पानी रोकने को लेकर सरकार का उचित निर्णय बताया इस हेतु भारत सरकार पाकिस्तान के विरुद्ध कठोर से कठोर कदम उठाए। सभी ने सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम सिंधु नदी के पानी रोकने को लेकर सरकार का उचित निर्णय बताया तथा पाकिस्तान के विरुद्ध भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे प्रत्येक निर्णय का समर्थन किया। रैली में माधुरी पालीवाल, अस्मिता मिश्रा, रेखा नोनिया, शकुंतला द्विवेदी प्रीति द्विवेदी , किरण पांडे ,अदिति गबेल, शैलजा पांडे ,सुनीता गुप्ता, राही यादव, शैलजा पांडे, प्रेमलता गुप्ता, गिरीश साहू एवं बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पाकिस्तान के कायराना आतंकवादी हमले का विरोध किया।




हमले के विरोध में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करती महिलाएं।

